# बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड)

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल उत्तराखण्ड से संबद्ध

अंक 03 अर्द्ध वार्षिक न्यूज़लेटर 2023 जुलाई - दिसंबर

# महाविद्यालय बुलेटिन

## सम्पादक मण्डल

**संरक्षक:- डॉ0 ए0 के0 तिवारी (प्राचार्य)**

**मुख्य संपादक:- श्रीमती गौहर फातिमा**

### सम्पादक मण्डल सदस्य

डॉ0 गणेश प्रसाद
श्री दीपक सिंह
डॉ0 विशम्बर जोशी
श्री कृष्ण देव रतूड़ी
श्री विनोद कुमार
डॉ0 विनय प्रकाश नौटियाल
भूमिका (बी0ए0 तृतीय वर्ष)
कुमकुम (बी0ए0 द्वितीय सेम0)

# प्राचार्य सन्देश

*"बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि कैसे सोचना है, नहीं की क्या सोचना है। "*

मार्गरेट मीड



महाविद्यालय की अर्द्धवार्षिक न्यूज़लेटर "महाविद्यालय बुलेटिन" के तृतीय अंक को आप सभी हितधारकों को सौपतें हुये अत्यंत प्रसन्नता है। बुलेटिन में विगत छः माह की विभिन्न क्रियाकलापों/गतिविधियों एवं उपलब्धियों की संक्षिप्त आख्या समाहित है। आलोच्य अवधि में महाविद्यालय का यू0जी0सी0 की राष्ट्रीय संस्था नैक बैंगलोर से प्रत्यायन प्रक्रिया पूर्ण कर ग्रेडिंग प्राप्त की। बहुप्रतिक्षित कला संकाय भवन की शासन से स्वीकृति प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ। तथा महिला छात्रावास भवन के प्रस्ताव की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। महाविद्यालय में राज्य सरकार की नीति के अनुरुप प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संपन्न हुई। इस प्रकार महाविद्यालय प्रशासन सीमित भौतिक एवं मानव संसाधन के बावजूद छात्र/छात्राओं को गुणवत्तापरक उच्चशिक्षा प्रदान करने हेतु कटिबध्य है। अंतत में इस न्यूज़लेटर की मुख्य संपादक श्रीमती गौहर फातिमा एवं सम्पूर्ण संपादक मंडल की इस सार्थक पहल हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं देता हूँ, एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों, अभिभावकों एवं विभागीय उच्च अधिकारियों के प्रति उनके सहयोग हेतु कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

डॉ0 ए0के0 तिवारी
प्राचार्य एवं प्रोफेसर

## महाविद्यालय संदृष्टि एवं लक्ष्य

### संदृष्टि (Vision)

*" राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र-छात्राओं के बीच उत्कृष्ट शिक्षा, मूल्य प्रणाली, रचनात्मकता तथा वैश्विक क्षमता की खोज के साथ उनके सर्वांगीण विकास का समाज कल्याण के निमित संधान करना। "*

### लक्ष्य (Mission)

- छात्रों को अधिक रचनात्मक, अभिनव, प्रयोगशील व प्रगतिशील बनाने के लिए मदद करना जिसमे वे उत्कृष्ट बन सके।
- उच्च शिक्षा प्रदान करने में परम्परागत विधियों के साथ सूचना एवं संचार तकनीकी (ICT), दूरस्थ शिक्षा (ODL) एवं मुक्त शैक्षिक स्त्रोंतो (OERs) के उपयोग को बढ़ावा देना।
- पुरोला शहर व ग्रामीण अंचलो में सामाजिक व आर्थिक रूप से कमज़ोर विद्यार्थियों के नामांकन दर में वृद्धि हेतु प्रयास करना जिससे वे अपना शैक्षिक उन्नयन कर सकें।
- गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करना जिससे विद्यार्थियों की योग्यताओं में विकास हो उनमें आत्मचिंतन, आत्मनिष्ठा, सदभाव, आत्मविश्वास, निर्णय लेने तथा कुशल नेतृत्व प्रदान करने जैसी योग्यतायें विकसित हों।
- उच्च शिक्षा को प्रासंगिक बनाते हुए समाज, राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा तकनीकी विकास में उसकी भूमिका सुनिश्चित करना।
- शिक्षा में गुणात्मकता की दृष्टि से शोध संबधी मापदंडो व विचारधारा को छात्र-छात्राओं के मध्य विकसित करना एवं इस विचारधारा को सुगम बनाना
- देश की सर्वोच्च सेवाओं हेतु विद्यार्थियों को मानसिक व शैक्षिक रूप से तैयार करना।

# आयोजन व गतिविधियाँ

## हरेला पर्व पर कार्यक्रम (19 जुलाई 2023)





उत्तराखंड का लोकपर्व हरेला महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष बहुत ही उत्साह के साथ मनाता है, इस वर्ष भी प्रकृति के संरक्षण के उद्देश्य के साथ महाविद्यालय द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व् रोवर रेंजर्स इकाइयों के स्वयंसेवियों द्वारा सार्थक योगदान दिया गया। "हरेला पर्व" कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0ए0के0 तिवारी द्वारा महाविद्यालय की निर्मित वाटिका में वृक्षारोपण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का यह पर्व प्रकृति को समर्पित है और इस पर्व पर वृक्षारोपण कर हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। इस मौके पर छात्र–छात्राओं के साथ प्राध्यापकों ने वृक्षारोपण किया। सभी वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं से अपने आसपास खूब पेड़–पौधे लगाकर पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

## श्रीदेव सुमन दिवस (25 जुलाई 2023)





श्रीदेव सुमन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने आदरणीय श्रीदेव सुमन जी को श्रद्धांजलि दी। श्रीदेव सुमन जी की तस्वीर को माल्यार्पण करने के उपरान्त सभी वक्ताओं ने अपने भाषणों में यह आशा की, कि हम उनके समर्पण को याद करते हुए उनके द्वारा प्रशस्त मार्ग पर चलेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने उनकी स्मृति में देवदार.मोर पंखी, बांज आदि के पौधे लगाए। क्यारियों की सजावट की और परिसर की साफ- सफाई की। छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान (11 अगस्त 2023)



महाविद्यालय में "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत आज राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रोवर्स रेंजर्स के छात्र-छात्राओं तथा महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा एक अमृत वाटिका की स्थापना की गई, साथ ही पंचप्राण शपथ के साथ मेरी माटी मेरा देश अभियान प्रारंभ किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0के0 तिवारी ने सभी छात्र छात्राओं को आजादी के इस अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए अपनी संस्कृति पर गर्व करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 गणेश प्रसाद ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रत्येक छात्र से इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने की भावना को सशक्त करते हुए अपने आस पास लोगों को जागरुक करें ।





## एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम (12 अगस्त 2023)

महाविद्यालय पुरोला में एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज परिसर में अनुशासन बनाए रखने और रैगिंग की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महाविद्यालय में एंटी रैगिंग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं को संस्थानों में होने वाली रैगिंग, उसके दुष्प्रभाव और इससे बचने के उपायों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0के0 तिवारी ने छात्र-छात्राओं से रैगिंग जैसे घटनाओं से बचते हुए सहयोगात्मक रुप से महाविद्यालय के विकास में बढ़-चढ़कर आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए गौहर फातिमा ने छात्र-छात्राओं को रैगिंग से उत्पन्न होने वाली समस्याओं तथा उनके निराकरण की जानकारियों को साझा किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ0 गणेश प्रसाद रतूड़ी ने इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को रैगिंग से संबंधित समस्याओं में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2023)

महाविद्यालय, में प्राचार्य डॉ0ए0 के0 तिवारी के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्ष गांठ धूम धाम से मनाई गई। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। "हर घर झंडा" कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र/छात्राओं तथा आस-पास के सेवित क्षेत्र में जन सामान्य को हर घर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। जागरुकता रैलियों का आयोजन किया गया। राष्ट्र ध्वज 'तिरंगे' बांटे गए। "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के अंतर्गत पौधे रोपे गए। नगर पंचायत पुरोला के सहयोग से माटी की शपथ ली गई। भाषण, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, छात्र/छात्राओं व एन0 एस0 एस0 तथा रोवर्स रेंजर्स के स्वयं सेवियों ने प्रतिभाग कर सेमिनार आयोजित किये तथा जागरुकता रैली निकाली गई। 15 अगस्त कार्यक्रम के संचालक डॉ0 यमुना प्रसाद रतूड़ी के सफल नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने ध्वजारोहन किया। निदेशक (उच्च शिक्षा) के संदेश को पढ़ा। तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे स्वतंत्रता सेनानी आदरणीय चिंद्रिया लाल के पौत्र श्री जय प्रकाश राही तथा सेवानिवृत सैनानी श्री जयेंद्र सिंह रावत को सॉल तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर, अमर शहीदों को याद कर कार्यक्रम का समापन किया गया।







## दीक्षारम्भ कार्यक्रम (17 अगस्त 2023)




महाविद्यालय पुरोला उत्तरकाशी में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को महाविद्यालय की कार्य संस्कृति एवं कार्यपद्धति के बारे में विस्तृत रुप से बतलाया गया ताकि वे पठन पाठन के अतिरिक्त शिक्षणेत्तर गतिविधियों को सुचारु रुप से संपादित कर सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी ने नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे  में मर्यादित व्यवहार और अनुशासन के साथ-साथ महाविद्यालय के विकास में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें । कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक सिंह चौहान एवं डॉ0 यमुना प्रसाद रतूड़ी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवम कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाया।







## SVEEP कार्यक्रम 2023-24

महाविद्यालय पुरोला में स्वीप (SVEEP )कार्यक्रम 24 अगस्त 2023 से लगातार चल रहा है जिसमे मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद कुमार लगातार मतदान के महत्व को समझाने एवं जागरूक मतदाता तैयार करने के लिए कार्यरत हैं। जिसके तहत महाविद्यालय में साक्षरता मतदाता क्लब का गठन किया गया, स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय जन जागरूकता रैली का आयोजन किया साथ ही पुरोला से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया और  महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को फॉर्म 16 प्रदान किया गया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को मतदाताओ द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाई गयी।

## सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम (09 सितम्बर 2023)





महाविद्यालय, जिला विधिक प्राधिकरण उत्तरकाशी तथा आर0 टी0 ओ0 उत्तरकाशी के संयुक्त तत्वाधान में "सड़क सुरक्षा जागरुकता" पाक्षिक कार्यक्रम के तहत नुकड़ नाटक के माध्यम से जनजागरुकता कार्यक्रम  के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरोला मीनाक्षी शर्मा ने बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला उत्तरकाशी की टीम को सम्मानित किया। जिला प्राविधिक सेवा उत्तरकाशी के कार्यकर्ता श्री दर्शन लाला बसियाल, सड़क सुरक्षा समिति के संयोजक श्री विनोद कुमार, डॉ0 तबस्सुम जहां तथा श्री राजेंद्र लाल आर्य महाविद्यालय की छात्रा, टीम प्रमुख प्रीति, प्रिया बी0 एस0 सी0 द्वितीय सेमेस्टर, अंजली, शीतल, दीक्षा, अनुज, बी0 ए0 द्वितीय सेमेस्टर, अभिषेक कुमार प्रथम सेमेस्टर के साथ माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदया ने बातचीत कर टीम की प्रशंसा की और उम्मीद की कि टीम भविष्य में भी इसी सक्रियता के साथ अपने दायित्वों को निभाएगी।

## हिंदी दिवस (14 सितंबर 2023)



अधिकांश भारतीयों के लिए हिंदी एक भाषा नहीं बल्कि एक भावना है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। इसी क्रम में महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष पर विभागप्र भारी डॉ० यमुना प्रसाद रतूड़ी व हिन्दी विभाग के अन्य प्राध्यापकों द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमे प्राध्यापकों और छात्र-छात्रों द्वारा हिंदीं भाषा के विकास, इतिहास, साहित्य एवं महत्व चर्चा -परिचिर्चा की गयी । हिंदी विभाग प्रभारी डॉ० रतूड़ी ने अपने वक्तव्य में हिंदी भाषा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही विभाग प्राध्यापक श्री नरेश लाल ने हिंदी भाषा में विभिन्न कैरियर विकल्पों के विषय में छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। कार्यक्रम के समापन वक्तत्व के रुप में प्राचार्य जी ने छात्र-छात्राओं के सम्मुख अपने विचारों को रखा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस (24 सितम्बर 2023)





राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष की भाँती इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा मनाया गया। जिसमें स्वयं सेवियों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्यक्रम चलाया। और महाविद्यालय की पार्किंग हेतु प्लेटफार्म निर्माण का कार्य भी किया गया। राष्ट्रिय सेवा योजना स्थापना दिवस पर स्वयं सेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इसी क्रम में महाविद्यालय में 23 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जहां राष्ट्रीय सेवा योजना में नवीन पंजीकृत स्वयं सेवियों को NSS कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी व इसके महत्व से अवगत कराया गया। इन दोनों कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्री भूपाल सिंह कार्की, गौहर फातिमा, सुष्मिता तोमर, दीपक सिंह, हरीश बिजल्वाण, रमेश, कुशमिला, प्रहलाद आदि उपस्थित रहें।

## गढ़भोज दिवस (07 अक्टूबर 2023)





संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी के निर्देशन में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 गणेश प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 विनय प्रकाश नौटियाल ने किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्राध्यापक राजेंद्र लाल आर्य, प्राध्यापक डॉ0 विशंबर जोशी, भूपाल सिंह कार्की, प्राध्यापक विनोद कुमार, प्राध्यापिका गौहर फातिमा, प्राध्यापक राजीव प्रसाद नौटियाल, छात्र/छात्राएं आकृति लौथानी, अभिषेक उनियाल, रीना रावत, अश्विनी ने अपने विचार रखें। वक्ताओं ने उत्तराखंड में उगने वाली फसल मंडुवा, कौणी, झंगोरा, फाफरा आदि के प्राकृतिक औषधीय गुणों के विषय में विस्तार से जानकारी दी और चिंता जताई कि इनका उत्पादन निरंतर कम हो रहा है। वक्ताओं ने उनसे बनने वाले पकवानों, मिठाइयों और उनसे बनने वाले भोज की महत्वपूर्ण जानकारी दी।









# NAAC प्रत्यायन

## (18 एवं 19 अक्टूबर 2023)

दिनांक 18 एवं 19 अक्टूबर को महाविद्यलय में NAAC पीयर टीम का आगमन हुआ जिसमें पीयर टीम में आदरणीय प्रोफेसर मदन मोहन चतुर्वेदी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर (यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली), प्रोफेसर श्यामल दास ( त्रिपुरा यूनिवर्सिटी) तथा पी॰ एस॰ शन्मुगा भूपति प्राचार्य (मारुती कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, तमिलनाडु) सम्मिलित हुए। महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर NAAC प्रत्यायन 18 अक्टूबर को शुरू हुआ, सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी ने महाविद्यालय के विभिन्न पहलुओं को प्रेजेंटेशन द्वारा पीयर टीम के सम्मुख प्रस्तुत किया, साथ ही विभिन्न विभाग प्रभारियों ने भी अपनी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय की भौतिक संसाधनों सहित डॉक्यूमेंटेशन, टीचर्स प्रोफाइल, अभिभावक, एलुमनाई व छात्र-छात्राओं के साथ परिचर्चा, पुस्तकालय, कक्षों व शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, सांस्कृतिक क्रियाकलापों व अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही IQAC कोर्डिनेटर डॉ॰ गणेश प्रसाद रतूड़ी ने IQAC से सम्बंधित प्रेजेंटेशन नैक पीयर टीम के सम्मुख प्रस्तुत की। नैक पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पैर ग्रेडिंग के लिए गहन निरीक्षण व अवलोकन कर मूल्यांकन किया गया जिसमे महाविद्यालय को 1.99 CGPA प्राप्त हुआ व 'C' ग्रेडिंग प्राप्त हुई। महाविद्यालय आने वाले नैक में अपना ग्रेडिंग बेहतर करने के लिए लगातार प्रयासरत है।











## रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम (31 अक्टूबर 2023)




महाविद्यालय पुरोला में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती रन फॉर यूनिटी के रुप में हर्षोल्लास से मनाया गया है। इस अवसर पर छात्र – छात्राओं ने नशा मुक्ती के लिए भी दौड़ लगाई। प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ का शुभारंभ किया। एकता दौड़ में रोबिन प्रथम और आकाश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य जी ने दोनों विजेताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सभी ने एकता की शपथ ली। कार्यक्रम के संयोजक डा0 बिशम्बर जोशी, सह संयोजक एनएसएस प्रभारी भूपाल सिंह कार्की एवं डा0 तबस्सुम जहां और कृष्ण देव रतूड़ी ने छात्र -छात्राओं को सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान से परिचित कराया।

## छात्र संघ निर्वाचन 2023

महाविद्यालय के सत्र 2023–24 के छात्र संघ निर्वाचन की प्रक्रिया दिनांक 07/11/2023 को संपादित की गई। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर कुल 15 प्रत्याशियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अध्यक्ष पद पर तीन, उपाध्यक्ष पद पर दो, सचिव पद पर तीन, सहसचिव पद पर तीन, कोषाध्यक्ष पद पर तीन तथा विश्व0 प्रतिनिधि पद पर दो प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। सत्र 2023–24 की मतदान प्रक्रिया में 185 छात्र तथा 374 छात्राओं सहित कुल मिलाकर 559 मतदाताओं के नाम मतदाता नामावली में दर्ज़ किए गए। जिनमें से 147 छात्रों तथा 324 छात्राओं ने अपने–अपने मतदान का उपयोग किया। दिनांक 07/11/2023 को मतदान प्रक्रियान्तर्गत सायंकालीन सत्र में मतगणना के उपरांत विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के साथ ही शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी संपन्न किया गया। सत्र 2023–24 के छात्र संघ निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर विशेष परिस्थितियाँ उत्पन्न हुईं। जिसके अन्तर्गत दो प्रत्याशियों अजय कुमार, बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष तथा रितिक चुनार, बी0ए0 तृतीय वर्ष को समान मत प्राप्त हुए। उक्त समान मत प्राप्त होने पर दोनों प्रत्याशियों को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। पुरोला प्रशासन प्रतिनिधि की उपस्थिति में पर्ची माध्यम से रितिक चुनार तथा अजय कुमार का क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय कार्यकाल निर्धारित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर रोजीता, बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष; सचिव पद पर अंजली, बी0ए0 तृतीय वर्ष; सहसचिव पद पर मोहित, बी0ए0 तृतीय वर्ष; कोषाध्यक्ष पद पर खुशी चौहान, बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर रितिक डोभाल, बी0ए0 तृतीय वर्ष को निर्वाचित घोषित किया गया। महाविद्यालय के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर निर्वाचित रितिक डोभाल, बी0ए0 तृतीय वर्ष ने पं0 ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश में दिनांक 09/11/2023 को विश्वविद्यालय छात्र एपेक्स बॉडी के गठन में उपस्थित होकर ब0ला0जु0 राज0 स्ना0 महाविद्यालय पुरोला का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय के छात्रसंघ प्रभारी डॉ यमुना प्रसाद रतूड़ी एवं श्री प्रताप सिंह ने प्राचार्य डॉ ए0के तिवारी के मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्ण आयोजित किया।







## उत्तराखंड स्थापना दिवस (09 नवम्बर 2023)





महाविद्यालय में 23 वां उत्तराखंड स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की एन0एस0एस0 इकाई एवं रोवर रंजेर्स द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर नगर पंचायत पुरोला के अधिशासी अधिकारी श्री हर्षवर्धन सिंह रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें साथ ही अन्य नगर पंचायत के कार्मिक भी मौजूद रहें । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी एवं मुख्य अतिथि के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया ।उत्तराखंड स्थापना दिवस को मनाते हुए सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं द्वारा अपने वक्तव्य के माध्यम से इस दिवस के इतिहास एवं वर्तमान में इसके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला गया, साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगा-रंग कार्यक्रमों से उत्तराखंड की संस्कृति को दर्शाया गया। इस अवसर पर मौजूद विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राही जी, नगर पंचायत पुरोला द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापको को उनकी विभिन्न योगदानों के लिए सम्मानित किया गया ।अंत में प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी द्वारा अपने भाषण में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत के महत्व को समझाते हुए, आज के युग में हमारी सांस्कृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों से छात्र-छात्राओं को आगाह किया। इस अवसर पर एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी श्री भूपाल सिंह कार्की, गौहर फातिमा, एवं प्राध्यापक श्री विनोद कुमार, डॉ0 गणेश प्रसाद, डॉ0 यमुना प्रसाद, एवं छात्रसंघ अध्यक्ष रितिक चुनार आदि मौजूद रहें ।

## विजय दिवस (16 दिसम्बर 2023)

महाविद्यलाय में विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस उपलक्ष्य पर महाविद्यलाय की एन0एस0एस0 इकाई एवं रोवर रंजेर्स द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री जयेन्द्र सिंह रावत, भूतपूर्व सैनानी, एस0 आई0 श्रीमती अक्षुरानी, एवं हेड कांस्टेबल श्री जगवीर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी एवं मुख्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया । मुख्य अतिथियों ने इस कार्यक्रम मे भारतीय सेना के वीर जवानो ने 1971 मे बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में दिये गए बलिदानो को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सैनिकों की अद्भुदता एवं निर्भीकता से अवगत करवाया । एस0 आई0 श्रीमती अक्षुरानी द्वारा एन0 एस0 एस0 की स्वांसेवियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया, जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा करने के गुण सिखाये गए तथा गौरा शक्ति एप्लीकेशन के बारे मे जागरुक करते हुए छात्राओं से इस एप्प पर पंजीकृत होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी श्री भूपाल सिंह कार्की, श्रीमती गौहर फातिमा, रोवर रेंजर प्रभारी श्री विनोद कुमार एवं डॉ॰ तबस्सुम जहाँ, श्री दीपक सिंह, श्री कृष्ण देव रतूड़ी, एवं छात्रसंघ अध्यक्ष अजय कुमार एवं रितिक चुनार आदि मौजूद रहें ।





## अंतरमहाविद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता (17-19 दिसंबर 2023)

श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता की एथलेटिक्स स्पर्धा दिनांक 17.12.2023 से 19.12.2023 तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में संपन्न करायी गयी। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व रजत निम्न छात्रों ने प्राप्त किये: 1. प्रकाश जोशी, बी० एस० सी० द्वितीय वर्ष ने गोला फेंक में स्वर्ण पदक व भला फेंक में रजत पदक प्राप्त किया। 2. सचिन,बी० ए० द्वितीय सेम० ने चक्का फेंक में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।



## देवभूमि उद्यमिता योजना

उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड सरकार द्वारा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान गुजरात के सहयोग से संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 05 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2023 तक ई डी आई आई अहमदाबाद, गुजरात में फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में महाविद्यालय से डॉ विनय नौटियाल द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त प्रक्रिया के तहत साइकोमेट्रिक परीक्षण से उद्यमी बनने की संभावनाओं, उद्यमिता में विज्ञान एवं तकनीकी और स्टार्ट अप इकोसिस्टम की उपयोगिता, उद्यमिता में प्रवेश के समय की परेशानियों, विचार को उद्यम में बदलने और संभावनाओं की पहचान, गुणवता में निखार और व्यावसायिक संरचना के मॉडल पर गहनता से कई विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त "देवभूमि उद्यमिता योजना" के सफल क्रियान्वयन हेतु, प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात के संयुक्त तत्वावधान मे 21 और 22 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय पुरोला में दो दिवसीय बूट कैम्प के आयोजन के साथ ही साथ देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गयी।











## सर्वाइकल कैंसर विषय पर संवेदीकरण कार्यक्रम (26 दिसम्बर 2023)

महाविद्यालय पुरोला उत्तरकाशी में UCOST के तत्वाधान में एक दिवसीय Workshop cum Sensitization Program का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संदर्भदाता के रूप में डॉ0 नरोत्तम शर्मा (साइंटिस्ट एंड हेड लैबोरेट्रीज) आयें, जिन्होंने मरीज़ों के अधिकारों, उत्तरदायित्वों एवं आचार नीति विषय से सम्बंधित जानकारियाँ छात्र-छात्राओं को दी । साथ ही डा0 अंकिता सिंह ने केन्सर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सर्वाइकल कैंसर से जुडी जानकारियां छात्राओं तक पहुंचाई और कैसे सावधानी दिखाते हुए इससे बचा जा सकता है इसके बारे में बातें बताई । सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, इलाज जैसे स्क्रीनिंग परिक्षण व एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर को रोकने में मदद कर सकते हैं, इन विषयों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम की संयोजक डा0 तबस्सुम जहां एवं कार्यक्रम का संचालन फातिमा ख़ान ने किया ।

# प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ 2023-24

- महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० ए० के० तिवारी द्वारा उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल में दिनांक 5-7 अक्टूबर 2023 तक "e-Governance: Government process Re-engineering" विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में विभागीय प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग किया ।
- महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ0 गणेश प्रसाद रतूड़ी को 4th Dehradun International Science and Technology Festival 2023 (4th DISF) में टीचर ऑफ़ द ईयर पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।
- अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी श्री राजेंद्र लाल आर्य को इस वर्ष के बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया।
- गणित विभाग प्रभारी श्री दीपक सिंह ने उत्तराखंड अकादमी ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन नैनीताल में ई-गवर्नेंस इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग किया।
- देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 05 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2023 तक ई0डी0आई0आई0 अहमदाबाद, गुजरात में फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में महाविद्यालय पुरोला से डॉ0 विनय नौटियाल द्वारा प्रतिभाग किया गया।











## महाविद्यालय की उपलब्धियाँ (2023-24)

- नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया पूर्ण कर महाविद्यालय ने 1.99 CGPA प्राप्त कर ग्रेड 'C' हासिल किया।
- महाविद्यालय में कला संकाय भवन के निर्माण का कार्य प्रारम्भ हुआ ।
- महाविद्यालय की अर्द्ध वार्षिक पत्रिका 'महाविद्यालय बुलेटिन' के दूसरा अंक जनवरी-जून 2023 का प्रकाशन हुआ।
- महाविद्यालय में छात्रावास निर्माण हेतु DPR को पूर्ण कर शासन को प्रेषित किया गया ।
- महाविद्यालय में उद्यमिता विकास हेतु देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित हुआ।

## महाविद्यालय की भावी नीतियाँ एवं योजनायें

- महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकायान्तर्गत बी0कॉम0 के पाठ्यक्रम का संचालन करना।
- महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं हेतु खेल मैदान का निर्माण करवाना।
- महाविद्यालय में विभिन्न व्यावसायिक कोर्स एवं स्नातक स्तर पर भूगोल, संस्कृत, गृह विज्ञान, चित्रकला, संगीत विषयों का सृजन करना।
- महाविद्यालय की पत्रिका 'कमल मेधा' का प्रथम संयुक्तांक प्रकाशन करना।
- महाविद्यालय में NCC (सीनियर विंग) इकाई की स्थापना करना।

# मीडिया कवरेज




प्रकाशक- प्राचार्य, बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला, उत्तरकाशी

Visit our website @ www.gpgcpurola.ac.in


Contact Us @

+91-8171045315

gdcpurola@gmail.com

www.instagram.com/gdc_purola

www.facebook.com/gpgcpurola/